# परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मन्दिर

सीनियर सैकेण्डरी स्कूल (आवासीय)

गौशाला नगर, वृन्दावन

# दिशा दर्पण

(विद्यालय गतिविधि/क्रियाकलाप समाचार)






अंक : 3

प्रकाशन तिथि : 01 जुलाई 2025

अवधि : मार्च, अप्रैल, मई, जून 2025

## प्रवेश परीक्षा



नवीन सत्र में प्रवेश हेतु दिनांक 02.03.2025 को प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 600 प्रवेशार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## संवाद सत्र



दिनांक 08.03.2025 को प्रबंधक जी तथा विद्यालय के सेवकों, चालकों, परिचालकों के बीच संवाद सत्र आयोजित हुआ। सेवकों की कुशलक्षेम, व्यक्तिगत एवं पारिवारिक समस्याओं पर चर्चा हुई। विद्यालय की व्यवस्थाओं में उनके योगदान पर भी वार्ता हुई।

## पूर्व छात्र परिवार मिलन

दिनांक 16.03.2025 को परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर, वृन्दावन के सत्र 2000 के बारहवीं उत्तीर्ण पूर्व छात्रों के द्वारा 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व छात्र परिवार मिलन कार्यक्रम तथा तत्कालीन शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस रजत जयंती समारोह में सत्र 2000 के लगभग 40 पूर्व छात्र, उनके परिजन तथा 25 आचार्य/प्रधानाचार्य तथा उनके परिजनों सहित लगभग 200 लोगों ने सहभागिता की।






## प्रवेश परीक्षा



दिनांक 23.03.2025 को कक्षा एकादश में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ।

## परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

दिनांक 28.03.2025 को विद्यालय में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। परीक्षा परिणाम निम्नवत रहा –

| Class | Total Student | Clear Pass | 90% or more | 75-90% | 60-74% | 45-59% | 33-44% | Less than 33% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| VI | 234 | 227 | 1 | 25 | 51 | 94 | 51 | 13 |
| VII | 248 | 242 | 3 | 32 | 91 | 85 | 32 | 6 |
| VIII | 239 | 237 | 8 | 62 | 82 | 72 | 17 | 1 |
| IX | 302 | 302 | 14 | 96 | 87 | 91 | 14 | 0 |
| XI | 189 | 186 | 1 | 11 | 28 | 77 | 70 | 2 |

## चिकित्सा परामर्श शिविर



दिनांक 30.03.2025 को पूर्व छात्र परिषद द्वारा निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ प्रेमपाल भाटी तथा नेत्र चिकित्सक श्रीमती मनिका भाटी ने अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में लगभग 100 रोगियों ने परामर्श प्राप्त किया।

## सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह



दिनांक 01.04.2025 को श्री श्याम प्रकाश पांडे प्रधानाचार्य का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें प्रबंध समिति के पदाधिकारी सहित अनेक गणमान्य लोगों सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की तथा प्रधानाचार्य को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी।

## नवीन प्रधानाचार्य नियुक्ति



श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर मथुरा से पीजीटी अंग्रेजी के पद से प्रांत द्वारा स्थानांतरित होकर आए नवनियुक्त प्रधानाचार्य श्री विपिन कुमार शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया।

## शैक्षिक यात्रा



दिनांक 18.04.2025 को कक्षा 11वीं और 12वीं के मानविकी स्ट्रीम के छात्र मथुरा में भाजपा कार्यालय के शैक्षिक दौरे पर गए जहां उन्हें अनुभवी राजनीतिक नेताओं के साथ बातचीत करने और एक राजनीतिक पार्टी के कामकाज के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्राप्त हुआ।

## पोस्टर प्रतियोगिता



दिनांक 22.04.2025 को पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
इस प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था “हमारी शक्ति हमारा ग्रह”। विद्यार्थियों ने जीवंत पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के बारे में अपने विचार रचनात्मक ढंग से व्यक्त किए।

## विद्यालय द्वारा संचालित संस्कार केन्द्र के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री किट वितरण



विद्यालय की कक्षा एकादश के विद्यार्थियों से कक्षा में अनुपस्थिति के कारण संग्रहित दंडशुल्क की धनराशि का उपयोग विद्यालय द्वारा संचालित संस्कार केंद्र के बच्चों को किट वितरित करने में किया गया। किट वितरण का कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित हुआ जिसमें संस्कार केंद्र के 34 विद्यार्थी शामिल हुए। इन सभी को एक किट में ड्राइंग बुक, एक नोटबुक, एक कलर बॉक्स, एक ज्योमेट्री बॉक्स आदि प्रदान किए गए। इस पाठ्य सामग्री के प्राप्त होने से संस्कार केंद्र के बच्चों का मन अत्यंत प्रसन्न हुआ तथा कक्षा 11 के कॉमर्स वर्ग के विद्यार्थियों के मन में भी सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन का भाव तथा प्रेरणा जागृत हुई। इस अभिनव पहल के अंतर्गत दंड शुल्क का उपयोग एक दिव्यांग व्यक्ति को ट्राई साइकिल दिलाने में, लावारिस लाशों के संस्कार हेतु सहायता के रूप में भी किया गया।

इस अभिनव कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री ललित गौतम, अतिन अग्रवाल एवं यतेंद्र प्रताप सिसौदिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक श्री शिवेन्द्र गौतम, प्रधानाचार्य श्री विपिन कुमार शर्मा एवं संस्कार केंद्र प्रभारी श्री दिनेश जी आचार्य उपस्थित रहे।

## छात्र संसद चुनाव एवं शपथ ग्रहण



परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए छात्र प्रधानमंत्री पद हेतु नामांकन प्रक्रिया 23 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बार यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि बाल वर्ग (कक्षा 7 व 8) के विद्यार्थियों ने भी इस जिम्मेदारी को निभाने हेतु उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस चुनाव प्रक्रिया में कुल 5 छात्रों ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। सभी ने अपने विचारों, योजनाओं और नेतृत्व क्षमता को प्रस्तुत करते हुए यह सिद्ध किया कि वे विद्यालय में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए तैयार हैं।

निर्वाचन समिति द्वारा नामांकन पत्रों की समीक्षा के बाद 24 अप्रैल 2025 को पात्र उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित की गई। इसके पश्चात मतदान 26 अप्रैल 2025 को सम्पन्न हुआ।




मतगणना के पश्चात् छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह बड़े ही उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में पधारे मथुरा वृंदावन क्षेत्र के माननीय विधायक श्री श्रीकांत शर्मा जी ने किशोर वर्ग छात्र प्रधानमंत्री भैया रवि चौधरी और बाल वर्ग प्रधानमंत्री अभिषेक शर्मा को प्रधानमंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विपिन शर्मा जी द्वारा सभी छात्र सांसदों को भी विधिपूर्वक सामूहिक शपथ ग्रहण कराई।

## श्रीमद भगवद्गीता ग्रन्थ का वितरण



इस सत्र में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले कक्षा नवम के छात्रों को विद्यालय के वंदना विभाग द्वारा श्रीमद भगवद्गीता ग्रन्थ का वितरण किया गया।

## प्रबंध समिति बैठक



विद्यालय प्रबंध समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 10 मई 2025 दिन शनिवार को आयोजित की गई जिसमें गत सत्र के आय व्यय, वर्तमान सत्र के बजट, नियुक्तियां एवं शैक्षिक समिति के गठन जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए।

## अभिभावक–आचार्य बैठक



दिनांक 9 मई से 17 मई 2025 तक विद्यालय में PT–1 की परीक्षाएं आयोजित हुई।
दिनांक 20 मई 2025, मंगलवार को PT –1 परीक्षा के अवलोकन हेतु कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों की PTM आयोजित की गईं जिसमें लगभग 500 अभिभावक बन्धुओं ने अपने पाल्यों की उत्तरपुस्तिकाओं का अवलोकन किया। इसके बाद सभी अभिभावक बन्धुओं ने विषय प्रमुख आचार्य बन्धुओं के साथ बातचीत कर अपने पाल्यों की पढ़ाई के स्तर की जानकारी ली।

## विद्यालय के संरक्षक स्व. मदनमोहन जी धानुका को श्रद्धांजलि

सरस्वती शिशु मन्दिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं विद्यालय प्रबन्ध समिति के संरक्षक स्व. मदनमोहन धानुका जी को तीनों विद्यालयों द्वारा संयुक्त रूप से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



स्वदेश

आगरा - मुख्य संस्करण

Date 22 Apr 2025

### शिक्षा क्षेत्र के लिए समर्पित रहा मदन मोहन धानुका का जीवन

स्वदेश समाचार ■ वृंदावन

गौशाला नगर स्थित परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य परिवार और प्रबन्ध समिति द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक और स्व. परमेश्वरी देवी धानुका व स्व. हनुमान प्रसाद धानुका के सुपुत्र मदन मोहन धानुका को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक शिवेंद्र गौतम ने कहा कि मदन मोहन धानुका जी का जीवन अपने पारिवारिक संस्कारों के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र के लिए समर्पित रहा। धानुका परिवार द्वारा अपने माता पिता की स्मृति में बालक बालिकाओं की शिक्षा को समर्पित विद्या मंदिरों की श्रृंखला के अलावा इनके अग्रज श्याम सुंदर धानुका की स्मृति में स्थापित श्यामसुंदर धानुका छात्रावास और श्यामसुंदर धानुका सरस्वती विद्या मंदिर धानुका परिवार की शिक्षा जगत को समर्पित अमूल्य सेवाओं के प्रतीक रूप में स्थित हैं। आज संपूर्ण विद्यालय परिवार इस अपूरणीय क्षति पर शोकाकुल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा ने मदनमोहन धानुका को एक सहृदय विनम्र और सरल व्यक्तित्व के रूप में याद करते हुए उन्हें विद्यालय का आधारस्तंभ बताया।

मदन मोहन धानुका जी के चित्रपट पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि देते हुए पदाधिकारीगण।

## समर कैम्प




विद्यालय में इस वर्ष एक नवीन प्रयोग के रुप में पूर्ण आवासीय समर कैम्प का आयोजन 21 से 25 मई 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें कुल 120 छात्र सहभागी हुए।

मुख्य इवेंट्स –

शैक्षिक भ्रमण – अमूल दूध उत्पाद फैक्ट्री इगलास, श्री रमणरेती (महावन), ग्राम दर्शन

घुड़सवारी, मलखंभ, पारंपरिक खेल, एरोबिक्स, योगासन, रोप के साथ गेम, आर्चरी, वेणुवादन, ताईक्वांडो, अंग्रेजी दौड़, हिंदी दौड़, गणित दौड़, मानसिक परीक्षण

## पंचपदी अधिगम पद्धति प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

विद्या भारती द्वारा पंचपदी अधिगम पद्धति प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 22 से 26 मई 2025 तक विद्यालय में किया गया।

कुल प्रतिभागी –

प्रशिक्षक –

अधिकारी – श्री डोमेश्वर जी साहू, क्षेत्रीय संगठन मंत्री

श्री हरीशंकर जी, प्रांत संगठन मंत्री

श्री लक्षम सिंह बिष्ट, क्षेत्रीय मंत्री विद्या भारती प. उ.प्र. क्षेत्र




## चतुर्थ ब्रजभूमि चैलेंजर कप टूर्नामेंट



परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर गौशाला नगर वृंदावन में दिनांक 04 से 05 जून 2025 तक चतुर्थ ब्रजभूमि चैलेंजर कप ऑल इंडिया ओपन चैस टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। दो दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री शिवेन्द्र गौतम, शिक्षाविद डॉ राकेश सारस्वत, कोषाध्यक्ष श्री अशोक कुमार अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य श्री विपिन कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस टूर्नामेंट में 4 वर्ष की आयु से लेकर 80 वर्ष तक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों ने खिलाड़ी के रूप में प्रतिभाग किया। कुल 140 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए जिनमें श्रीलंका तथा नेपाल के खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 8 चक्रों में खेली गई। पुरस्कार राशि 1,50,000/– रुपये विजताओं में वितरित हुई।

## अखिल भारतीय पर्यावरण गतिविधि बैठक



दिनांक 06 से 08 जून 2025 तक राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की अखिल भारतीय पर्यावरण गतिविधि बैठक का आयोजन हुआ जिसमें 25 प्रांतों के 48 कार्यकर्ता, 06 अधिकारी तथा 08 व्यवस्था बंधु सम्मिलित हुए। बैठक में अखिल भारतीय संयोजक श्री गोपाल आर्य तथा अखिल भारतीय सह संयोजक श्री राकेश जैन का तीनों दिन मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2025 को परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर में ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों आचार्य परिवार एवं अभिभावकों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने योग एवं प्राणायाम की विभिन्न स्थितियां एवं विधियों का अभ्यास किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध योगाचार्य श्री चंद्रभान जी गुप्त द्वारा पुष्पार्चन द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री चंद्रभानु गुप्त ने योग एवं प्राणायाम के वास्तविक स्वरूप का परिचय कराते हुए कहा कि मन की चंचल वृत्तियों पर नियंत्रण और उन्हें आत्म नियंत्रण से निर्देशित करना ही योग है। शरीर के 95 प्रतिशत रोगों का निदान हम युक्ताहार विहार का पालन करके स्वयं कर सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने योग की कुछ कठिन साधनाओं पर आधारित क्रियाओं का स्वयं प्रदर्शन करके सभागार में विराजमान दर्शकों को चमत्कृत कर दिया।

